हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक
# भव्य प्रभात
खबर,सच्चाई के साथ

वर्ष 18, अंक 201 19 जुलाई 2025 शनिवार हाथरस पृष्ठ 8 मूल्य–2/–रूपये स्वागत मूल्य 1/–रूपये


पीएम मोदी ने बिहारवासियों को दी बड़ी सौगात, कहा...

# बनाएंगे नया बिहार, होगा विकास

**● पीएम बोले- पुणे की तरह पटना, मुंबई जैसा मोतिहारी होगा: जैसे रोजगार गुरुग्राम में वैसे गयाजी में मिलेंगे, पहली प्राइवेट नौकरी पर 15 हजार देंगे**

**● आरजेडी राज में बिहार में विकास पर लगा ब्रेक, मोतिहारी में बोले पीएम मोदी, दुनिया में पूरब के देशों का दबदबा**

मोतिहारी,(एजेंसी)। नरेंद्र मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में दुनिया बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। एक समय जो ताकत केवल पश्चिमी देशों के वास होती थी, उसमें अब पूरब के देशों का दबदबा और भागीदारी बढ़ रही है। पूरब के देश अब विकास की नई रफ्तार पकड़ रहे हैं। जैसे दुनिया में पूर्वी देश विकास की दौड़ में आगे जा रहे हैं, वैसे ही भारत में ये दौर हमारे पूर्वी राज्यों का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मोतिहारी में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसके अलावा मोदी ने राजेंद्र नगर टर्मिनल (पटना) से नई दिल्ली, बापूधाम मोतिहारी से दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल), दरभंगा से लखनऊ (गोमती नगर) और मालदा टाउन से लखनऊ (गोमती नगर) के बीच चार नई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि आज यहां से 7 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास हुआ है। मैं आप सभी को और सभी बिहारवासियों को इन विकास परियोजनाओं की बहुत–बहुत बधाई देता हूं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में दुनिया बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। एक समय जो ताकत केवल पश्चिमी देशों के वास होती थी, उसमें अब पूरब के देशों का दबदबा और भागीदारी बढ़ रही है। पूरब के देश अब विकास की नई रफ्तार पकड़ रहे हैं। जैसे दुनिया में पूर्वी देश विकास की दौड़ में आगे जा रहे हैं, वैसे ही भारत में ये दौर हमारे पूर्वी राज्यों का है।



**4 नई अमृत भारत ट्रेनों को रवाना किया**

राजेन्द्र नगर टर्मिनल (पटना से नई दिल्ली)
दरभंगा से लखनऊ (गोमती नगर)
बापूधाम (मोतिहारी से दिल्ली) (आनंद विहार टर्मिनल)
मालदा टाउन से लखनऊ (गोमती नगर)

उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि आने वाले समय में जैसे पश्चिमी भारत में मुंबई है, वैसे ही पूरब में मोतिहारी का नाम हो। जैसे अवसर गुरुग्राम में हैं, वैसे ही अवसर गया जी में भी बनें। मोदी ने कहा कि पुणे की तरह पटना में भी औद्योगिक विकास हो। सूरत की तरह ही संथाल परगना का भी विकास हो। जयपुर की तरह जलपाईगुड़ी और जाजपुर में भी टूरिज्म के नए रिकॉर्ड बने। बंगलुरू की तरह वीरभूम के लोग भी आगे बढ़ें। पूर्वी भारत को आगे बढ़ाने के लिए हमें बिहार को विकसित बिहार बनाना है। उन्होंने कहा कि आज बिहार में इतनी तेजी से काम इसलिए हो रहा है, क्योंकि केंद्र और राज्य में बिहार के लिए काम करने वाली सरकार है। जब केंद्र में कांग्रेस और त्श्रक की सरकार थी, तो न्च। के 10 साल में बिहार को सिर्फ 2 लाख करोड़ रुपये के आसपास मिले। यानी नीतीश जी की सरकार से ये लोग बदला ले रहे थे। मोदी ने कहा कि 2014 में केंद्र में आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया। केंद्र में आने के बाद मैंने बिहार से बदला लेने वाली उस पुरानी राजनीति को भी समाप्त कर दिया। पिछले 10 साल में, छक। के 10 वर्षों में बिहार के विकास के लिए जो राशि दी गई है, वो पहले से कई गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को जानना जरूरी है कि बिहार दो दशक पहले किस तरह हताशा में डूबा हुआ था। RJD और कांग्रेस के राज में विकास पर ब्रेक था।

## टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किए जाने पर जयशंकर ने जताई खुशी

नई दिल्ली,(एजेंसी)। टीआरएफ पाकिस्तान के आतंकी संगठन श्लश्कर–ए–तैयबाश की प्रॉक्सी विंग (मुखौटा शाखा) है। कई वर्षों से टीआरएफ, जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहा है। खासतौर पर, जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों पर हमले और टारगेट किलिंग, ये टीआरएफ की रणनीति का हिस्सा रहा है। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अमेरिका द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार टीआरएफ को वैश्विक आतंकी



संगठन घोषित किए जाने की सराहना की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि श्भारत–अमेरिका की आतंकवाद के खिलाफ सहयोग की एक मजबूत पुष्टि। लश्कर ए तैयबा के मुखौटा संगठन टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और वैश्विक आतंकवादी संगठन (एसडीजीटी) घोषित करने के लिए विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिकी विदेश विभाग की सराहना करता हूं। इसी संगठन ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता।श अमेरिका ने गुरुवार को किया एलान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने गुरुवार को टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमला 2008 के मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला था। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्रवाई अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, और भारत के साथ सहयोग का सबूत है। गौरतलब है कि श्द रेजिस्टेंस फ्रंटश (टीआरएफ) ने ही पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। टीआरएफ के प्रमुख शेख सज्जाद गुल को भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड बताया है। टीआरएफ पाकिस्तान के आतंकी संगठन श्लश्कर–ए–तैयबाश की प्रॉक्सी विंग (मुखौटा शाखा) है। कई वर्षों से टीआरएफ, जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहा है।

# रॉबर्ट–प्रियंका के साथ हर साजिश के खिलाफ रहूंगा खड़ा: राहुल गांधी

**● मेरे बहनोई को 10 साल से परेशान कर रही सरकार, नई चार्जशीट उसी उत्पीड़न का हिस्सा, राहुल का हमला**



नई दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्एक्सश पर ट्वीट किया, श्मेरे बहनोई को पिछले 10 साल से इस सरकार की ओर से परेशान किया जा रहा है। यह नवीनतम आरोप–पत्र उसी उत्पीड़न का एक और हिस्सा है।श कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर अपने बहनोई रॉबर्ट वाड्रा को परेशान करने का आरोप लगाया। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय ने हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक मामले में रॉबर्ट के खिलाफ आरोप–पत्र दायर किया है। इसे लेकर ही राहुल ने सरकार पर निशाना साधा है। श्अंत में सच्चाई की जीत होगीश राहुल ने कहा कि अंत में सच्चाई की जीत होगी। उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और उनका परिवार किसी भी तरह के उत्पीड़न का सामना करेगा। उन्होंने श्एक्सश पर एक पोस्ट में कहा, श्मेरे बहनोई को पिछले 10 साल से यह सरकार परेशान कर रही है। यह हालिया आरोप–पत्र उसी प्रताड़ना अभियान का एक और हिस्सा है।श श्रॉबर्ट, प्रियंका और उनके बच्चों के साथ खड़ा हूंश उन्होंने आगे कहा, श्मैं रॉबर्ट, प्रियंका और उनके बच्चों के साथ खड़ा हूं, क्योंकि उन्हें दुर्भावनापूर्ण, राजनीतिक रूप से प्रेरित एक और हमला झेलना पड़ रहा है। मुझे पता है कि वे सभी किसी भी तरह की मुसीबत का सामना करने के लिए पर्याप्त बहादुर हैं। वे हिम्मत और गरिमा के साथ ऐसा करते रहेंगे।श लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, श्अंततः सच्चाई की जीत होगी।श ईडी ने क्या–क्या कार्रवाई की? इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को एक आपराधिक मामले में 56 साल के रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की। संघीय जांच एजेंसी ने राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और गुजरात में स्थित 43 अचल संपत्तियों को भी जब्त किया, जिनकी कीमत 37.64 करोड़ रुपये है।

# ओडीओपी की तर्ज पर हर जिले में तैयार होंगे 500 स्टार्टअप, युवाओं को जिले में ही मिलेगा रोजगार

लखनऊ। युवाओं को रोजगार देने के लिए यूपी सरकार प्रदेश के प्रत्येक जिले में 500 स्टार्टअप्स तैयार करने की योजना पर काम कर रही है। इसके लिए स्टार्टअप मिशन पर काम किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य युवाओं को जिले में ही रोजगार देना है। युवाओं की सोच को साकार करने में सबसे आगे स्टार्टअप्स के लिए बड़ी योजना तैयार की जा रही है। इसके तहत स्टार्टअप मिशन का गठन कर प्रत्येक जिले में कम से कम 500 स्टार्टअप्स तैयार किए जाएंगे, जो उस जिले की पहचान से जुड़े होंगे। इससे युवाओं को उनके जिले में रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। पहले चरण में करीब 35 हजार नए स्टार्टअप बनेंगे, जो क्षेत्रीय विशेषताओं पर आधारित होंगे। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग इस योजना पर काम कर रहा है, जिसे जल्द लागू किया जाएगा। स्टार्टअप मिशन का उद्देश्य एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) की तर्ज पर हर जिले में स्टार्टअप्स की श्रृंखला तैयार करना है। इसमें उन स्टार्टअप्स को तरजीह दी जाएगी, जो जिले की पहचान से जुड़े उत्पादों, जीआई टैग या वहां के औद्योगिक स्वरूप पर आधारित होंगे। इसका सर्वाधिक लाभ छोटे कारीगरों को होगा, जिन्हें स्टार्टअप के माध्यम से ग्लोबल प्लेटफार्म और फंडिंग मिलेगी। ऐसे में आर्थिक विकास केवल नोएडा, ग्रेटर नोएडा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि छोटे–छोटे कस्बों तक जाएगा। योजना के तहत कानपुर, लखनऊ, अयोध्या वाराणसी, गोरखपुर जैसे जिलों को भी आईटी के औद्योगिक क्षेत्रों के रूप में विकसित किया जाएगा।



यूपी में 15000 स्टार्टअप 50 हजार का लक्ष्य विभाग के मुताबिक प्रदेश में लगभग 15 हजार स्टार्टअप पंजीकृत हैं। गैर सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ये लगभग 27 हजार है। 70 इन्क्यूबेटरों की सरकारी मदद की जा रही है, लेकिन ये सभी जिलों में नहीं हैं। अब प्रत्येक जिले में एक इन्क्यूबेटर का लक्ष्य रखा गया है। इस मिशन में स्टार्टअप सेक्टर के विशेषज्ञ होंगे। अभी स्टार्टअप विभाग की कमान ब्यूरोक्रेट्स के हाथों में हैं। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा का कहना है कि जिलों में ही युवाओं को रोजगार देने के लिए स्टार्टअप मिशन का गठन किया जाएगा। इसका उद्देश्य जिले की पहचान से जुड़े उत्पादों या विशिष्टताओं पर आधारित स्टार्टअप को प्रोत्साहन देना है। एक जिले में कम से कम 500 स्टार्टअप का लक्ष्य है। यूपी स्टार्टअप नीति के बाद मिशन स्टार्टअप उत्तर प्रदेश सरकार की स्टार्टअप नीति, 2020 (पहला संशोधन, 2022) का उद्देश्य राज्य में 10,000 स्टार्टअप्स का निर्माण करना है। प्रत्येक जिले में कम से कम एक इनक्यूबेटर स्थापित करना दर से एक साल तक भत्ता दिया जाता है। सफल पेटेंट दाखिल करने पर भारतीय पेटेंट के लिए दो लाख रुपये तक और अंतरराष्ट्रीय पेटेंट के लिए 10 लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति की जाती है। सीड कैपिटलध्मार्केटिंग सहायता के रूप में 7.5 लाख से 10 लाख रुपये तक मिलते हैं। महिलाओं, दिव्यांगों, ट्रांसजेंडर, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों द्वारा स्थापित स्टार्टअप्स को अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाता है।

## राजधानी को हरा-भरा बनाना संस्था संचेतना का लक्ष्य-तपस्या शुक्ला

लखनऊ, (यूएनएस)। उ0प्र0 सरकार के महावृक्षारोपण अभियान में जहां सैतीस करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके है वही अन्य संस्थाये भी अपने स्तर से राजधानी को हरा–भरा बनाने के लिये प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में संचेतन संचेतना सामाजिक संस्था के द्वारा राजधानी में वृहद वृक्षारोपण का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत् खाली पड़ी भूमि और पार्को में सैकड़ों की संख्या में औषधीय पौधों का रोपण किया जा रहा है। संचेतना की अध्यक्ष तपस्या शुक्ला के अनुसार अपने शहर लखनऊ को हरा–भरा बनाना संस्था का उद्देश्य है। साथ ही इसमें संस्था के साथ–साथ स्थानीय निवासियो की सहभागिता भी आवश्यक है। उनके अनुसर संचेतना में शिवांक शुक्ला, आजम सिद्दीकी,संजीव जैन, अंकुर,दीपाली निगम, विशाल निगम, प्रियंका, अविका, शिरामणि पुजारी, विकास, सनी, दीपिका, पूजा, अमिषा जैसे अनेक लोग इस अभियान में कदम से कदम मिला कर लखनऊ को वास्तव में क्लीन लखनऊ व ग्रीन लखनऊ बनाने के भागीरथ प्रयास में जुटे हुए है।

## कैडेट्स ने भारतीय स्वाभिमान की शुभ यात्रा का पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शन किया

लखनऊ, (यूएनएस)। आसमान फतह करने से लेकर सितारों को छूने तक–भारतीय वायुसेना अधिकारी के अदम्य साहस से प्रेरित एक सफर शुभांशु शुक्ला भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के गगनयात्री (अंतरिक्ष यात्री) द्वारा एक्सिओम मिशन 4 को सफलतापूर्वक पूरा करके धरती पर वापस लौटने पर आज दिनांक को नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ पोस्टर के माध्यम से हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई संदेश दिया, प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में कैडेट्स ने भारतीय स्वाभिमान की शुभ यात्रा का पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शन किया। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन भारतीयों की इच्छाओं, आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतीक है। मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा कि स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा के मिशन के 41 साल बाद, यह भारत के लिए एक अभूतपूर्व क्षण है तथा यह भारत के निरंतर विस्तृत होते क्षितिज की पुष्टि है। भारत ने गगनयान दिशा में एक और शानदार कदम बढ़ा दिया है। केडेट अंडर ऑफिसर बुशरा हमीद, सिद्धि यादव, आस्था त्रिपाठी, प्रीति कुमारी, लक्षिका किशोर, खुशी सिंह, अंजलि बाजपेई, सृष्टि, प्रियांशी, दीप्ति आदि बड़ी संख्या में कैडेट्स ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के मिशन से हम सभी अत्यंत उत्साहित हैं और 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य में सहयोग करने का संकल्प करते हैं।

## बारिश से यूपी में बिगड़े हालात, सात लोगों की हुई मौत, आज के लिए इन जिलों में रेड अलर्ट



लखनऊ। प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में बुधवार और बृहस्पतिवार के दौरान आफत वाली मानसूनी बारिश हुई। कई इलाकों में गरज चमक के साथ भारी बारिश और जलभराव से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। उत्तर प्रदेश में बारिश से हालात बिगड़ रहे हैं। इसके चलते बृहस्पतिवार को अलग–अलग स्थानों पर सात लोगों की मौत हो गई। इनमें प्रयागराज में चार, बांदा में दो और कानपुर में एक व्यक्ति शामिल है। प्रयागराज में 91 एमएम से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। दिन में गंगा का जलस्तर घटता बढ़ता रहा, जबकि यमुना का जलस्तर स्थिर रहा। गंगा और यमुना की तेज लहरों से जहां कई नावें डूब गईं, वहीं काफी नावें बहाव के साथ काफी दूर चली गईं। इसके नाविकों का काफी नुकसान हुआ है। मिर्जापुर में दो दिनों से भारी बारिश होने से जनजीवन अस्त–व्यस्त है। पहाड़ी नालों और नदियों में उफान आने से बंधों के फाटक खोलने पड़े। सड़कों पर पानी भरने से यातायात ठप हो गया। कई गांवों का संपर्क टूट गया। अंडरपास में भरे पानी में कई वाहन फंसे रहे। सहारनपुर में शिवालिक पहाड़ियों पर हो रही बारिश के चलते शाकंभरी, बादशाही।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
सम्पादकः अंजली शर्मा
मो. 9410427880 09319426268
Email:-
bhavyaprabhat@gmail.com
समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार।
समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।

छपाई
बिल बुक,लेटर पैड,पम्पलेट
पोस्टर,शादी कार्ड,अखबार
छपाई
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
विभा प्रिन्टर्स
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग,अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268

# केन्द्र व राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी, रोजगारपरक एवं गरीबी उन्मूलन योजनाओं का लाभ जनपद के पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुॅचायें : सांसद

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागर में हुई बैठक

(भव्य प्रभात)

हाथरस । जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागर में करते हुए मा0 सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि ने बैठक में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने एवं योजनाओं को मूर्त रूप देने के हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक के दौरान मा0 विधायकगणोंध्मा0 सदस्यगणोंध्मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा जर्जर सड़कों, जल जीवन मिशन (हर घर नल) के तहत पेयजल की उपलब्धता एवं पाईप लाइन डालने के पश्चात सडकों की मरम्मत और विद्युत कनेक्शन, विद्युत आपूर्ति, जर्जर विद्युत के पोलों को बदलने, ट्रांसफार्मर की उपलब्धता, विद्युत विभाग के कर्मचारियों की कार्यशैली, जल भराव, अपात्र व्यक्तियों द्वारा प्राप्त की जा रही पेंशन आदि के संबंध में क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर मा0 सांसद जी ने समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को बैठक के दौरान उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने एवं की जा रही कार्यवाही की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट लिखित रूप में मा0 जनप्रतिनिधियोंध्सदस्यों को उपलब्धा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को जर्जर सड़कों को चिन्हित करते हुए मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को जल जीवन मिशन ग्रामीण के तहत अबतक की गई बोरिंग, पाईपलाईन डालने, टैस्टिंग आदि की प्रगति रिपोर्ट उपलब्धा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को विद्युत विभाग से लंबित समस्त कार्यों को तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को पात्र व्यक्तियों को पेंशन दिये जाने के निर्देश दिए। मा0 सांसद जी ने केन्द्रध्राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी, रोजगारपरक एवं गरीबी उन्मूलन योजनाओं का लाभ जनपद के पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुॅचाने एवं योजनाओं को मूर्त रूप देने के हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होने गरीब एवं पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं से लाभांवित करने तथा ग्रामों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये विभागीय योजनाओं को अमलीजामा पहनाने हेतु



अधिकारियों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। सर्वप्रथम जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में मा0 सांसद श्री अनूप प्रधान वाल्मीकि ने बैठक के दौरान विभागों द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रगति रिपोर्ट पर विस्तृत समीक्षा की तथा भारत सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी, गरीबी उन्मूलन व रोजगारपरक योजनाओं का लाभ किसानों, मजदूरों तथा जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिये सभी विभागीय अधिकारियों से स्पष्ट अपेक्षा की। मा0 सांसद जी ने समस्त विभागों को केंद्रध राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं उनकी प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात् उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना–एन0आर0एल0एम0, दीन दयाल उपाध्याय–ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरीध्ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन शहरीध्ग्रामीण, जल जीवन मिशन (राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल भारत भू अभिलेख, अटल मिशन फॉर रिजूवेनेशन एडं अर्बन ट्रांसफोर्मेशन (अमृत), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चिकित्सकों की उपलब्धता, दवाओं की उपलब्धता, एंबुलेंस सेवाओं की स्थिति, सर्व शिक्षा अभियान, बाल विकास योजना, मिड–डे–मील योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान, ई–नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट्स, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, डिजिटल इंडिया, सुगम्य भारत अभियान, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा तथा अन्य योजनाओं की प्रगति के बारे में विस्तार से समीक्षा करते हुए मा0 सांसद जी ने परियोजना निदेशक को मनरेगा अंतर्गत लगाये जाने वाले मजदूरों का भुगतान ससमय एवं पारदर्शितापूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। एनआरएलएम योजना के तहत अधिक से अधिक समूहो का गठन करने के साथ ही अनुदान राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना की समीक्षा के दौरान प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन कराते हुए प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही प्रशिक्षणकर्ताओं को रोजगार मुहैया कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत मरम्मत कराये जाने हेतु चयनित सड़कों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने तथा मरम्मत कराई जा रही सड़कों का अवशेष कार्य तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वृद्धा,विधवा,दिव्यांग पेंशन में मृतकों,अपात्रों को पेंशन प्राप्त होने की शिकायत पर मा0 सासंद जी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को सत्यापन की कार्यवाही को निष्पक्षतापूर्णढंग से कराने एवं मृतक व्यक्तियों की पेंशन तत्काल बंद करने तथा पात्रों को सूची में सम्मिलित करते हुए लाभ दिये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम सचिवालयों में ही वृद्धाधविधवाधदिव्यांग पेंशनध्पात्रों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। नगरीय निकाय क्षेत्रों में जल भराव की समस्या, जर्जर सड़कों, नाला चौक होने तथा गंदे पानी की निकासी हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायतों को तैनात सफाई कर्मचारियों का नियमित रूप से सत्यापन, गंदगी के कारण बंद हो रहे नालों की साफ–सफाई कराने, जल भराव की समस्या को दूर करने एवं नियमित रूप से साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी एवं ग्रामीण को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं पाईप लाइन डालने के पश्चात सडकों की मरम्मत कराने तथा पूर्णध्अपूर्ण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पाईप लाईन डालने के पश्चात् सड़कों की मरम्मत कराने एवं समय सीमा के अंतर्गत सड़क का निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विकास अधिकारी को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंर्तगत संचालित समूहों द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों को अन्य जनपदों में निर्यात कराये जाने के निर्देश दिए। जिससे कि आजीविका मिशन के अंतर्गत समूहों की आय को बढ़ाया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरीध्ग्रामीण के तहत बनाये गये आवासों के बाहर नेमप्लेट लगाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत बनाये गये शौचालयों का पुनः सत्यापन कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को संचारी रोगों से बचाव हेतु एंटी लार्वा का छिड़काव कराने हेतु ग्राम प्रधानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी को सुगम्य भारत अभियान के तहत बनाई गई रैम्पों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को नहरोंध्रजवाहों में रोस्टर के अनुसार टेल तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपस्थित मा0 विधायकध्सदस्यध जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के संबंध में जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने संबधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का निस्तारण करने एवं मा0 जनप्रतिनिधिओं को सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रदेशध्शासन की प्राथमिकताओं में शामिल योजनाओं सहित जनपद के निर्माण कार्यों, जन कल्याणकारी योजनाओं, गरीबी उन्मूलन, रोजगारपरक योजनाओं एवं विभागीय कार्यो को गुणवत्ता सहित समय से पूर्ण करने को कहा। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक के दौरान जो भी निर्देश दिये गये है उन सभी निर्देशों का पालन अधिकारियों के माध्यम से कराया जायेगा। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, एम0एल0सी0 स्नातक मानवेन्द्र सिंह, मा0 विधायिका सदर श्रीमती अंजुला सिंह माहौर, मा0 विधायक सि0राऊ वीरेन्द्र सिंह राणा, मा0 विधायक सादाबाद प्रदीप कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष हाथरस श्वेता चौधरी, ब्लॉक प्रमुख मुरसान रामेश्वर उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख हाथरस पूनम पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख हसायन, ब्लॉक प्रमुख सादाबाद, मा0 सम्मानित सदस्यगण, मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0, परियोजना निदेशक, मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट, जिला पूर्ति अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभागधसिंचाईध विद्युत, जिला सूचना अधिकारी, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाध्नगर पंचायत, समस्त खण्ड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## संगठन कोअश्वर्डिनेटर चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का को प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया स्वागत

(भव्य प्रभात)

हाथरस। बृज जोन संगठन सृजन अभियान के तहत राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे प्रदेश के अध्यक्ष अजय राय राष्ट्रीय सचिव एवं ब्रज प्रांत प्रभारी तौकीर आलम पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ब्रज प्रांत के कोऑर्डिनेटर पूर्व विधायक विवेक बंसल पूर्व विधायक दल के नेता प्रदीप माथुर पूर्व विधायक डॉ अनिल चौधरी एवं पूर्व सांसद सत्या बहन ने ब्रज प्रांत के सभी जिलों की समीक्षा बैठक करते हुए प्रत्येक जनपद के चारों कोऑर्डिनेटर जिला अध्यक्ष शहर अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रभारी की संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन भी अलीगढ़ धरमपुर कोर्टयार्ड में हुआ इस अवसर पर हाथरस कांग्रेस सिपाही एवं कासगंज मुख्य संगठन कोऑर्डिनेटर चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने अपने राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी अविनाश पांडे राष्ट्रीय सचिव प्रभारी तौकीर आलम प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद एवं पूर्व विधायक गण विवेक बंसल प्रदीप माथुर डॉ अनिल चौधरी का जनपद के कांग्रेस जनों की ओर से दुपट्टा उड़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर ब्रज की देहरी हाथरस की ओर से स्वागत किया इस बैठक में कोऑर्डिनेटर,जिलाध्यक्षों, शहर अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों व वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संगठन के पुनर्गठन, मजबूती और आगामी चुनावों की तैयारी को लेकर सक्रिय भागीदारी निभाई।सदस्यता अभियान, बूथ विस्तार, रणनीति व कार्यकर्ता सशक्तिकरण जैसे विषयों पर गंभीर विचार–विमर्श हुआ। इस बैठक में सभी राष्ट्रीय व प्रांतीय नेताओं ने कार्यकर्ताओं को दिशा व प्रेरणा दी।

## बाबा जाहरवीर जी की विशाल शोभायात्रा मेला महोत्सव आज

(भव्य प्रभात)

हाथरस। श्री जाहरवीर कमेटी सेवा समिति के तत्वावधान में श्री जाहरवीर गोंगा जी महाराज की विशाल एंव भव्य 44 वीं छड़ी शोभायात्रा एवं मेला महोत्सव कल 19 जुलाई को शहर में भारी धूमधाम से निकाला जाएगा और मेला की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा शोभायात्रा इस बार विशाल एवं भव्यता से आयोजित होगी। शोभायात्रा मेला महोत्सव में कई झांकियां एवं बैण्ड़ अपनी प्रस्तुतियों से भारी धूम मचाएंगे।। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी श्री जाहरवीर गोंगा जी महाराज मेला महोत्सव के तहत श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की 44 वीं विशाल छड़ी शोभायात्रा एवं मेला महोत्सव कल 19 जुलाई को भारी धूमधाम के साथ शहर में निकाला जाएगा। मेला की सभी तैयारियों को पूर्ण लिया गया है और मेला में दर्जनों झांकियां व कई नामी बैण्ड अपने करतबों से धूम मचायेंगे और शहर की जनता व भक्तों को आनन्दित करेंगे।। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए मेला महोत्सव अध्यक्ष बालमुकन्द वार्ष्णेय, महामंत्री कन्हैया वार्ष्णेय तेल वाले, कोषाध्यक्ष अंकित वार्ष्णेय, मंत्री अनिल वर्मा माही ने बताया है कि 44 वां विशाल छड़ी मेला महोत्सव भारी भव्यता एवं धूमधाम के साथ कल 19 जुलाई शनिवार को सांय 4 बजे से पूरे शहर में निकाला जाएगा और मेला महोत्सव का शुभारंभ लाला का नगला स्थित माता पथवारी मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ परंपरागत तरीके से होगा। उन्होंने बताया कि विशाल एवं भव्य मेला महोत्सव में मुख्य आरतीकर्ता प्रमुख समाजसेवी एवं फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर डॉ. विकास शर्मा होंगे और उनके द्वारा बाबा जाहरवीर जी की आरती उतारी जाएगी।। उन्होंने बताया कि विशाल छड़ी मेला शोभायात्रा महोत्सव में दर्जनों झांकियां जिनमें एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा आदि की एंव एलईडी झांकियां आकर्षक व मनमोहक झांकी आकर्षण का केन्द्र होंगीं। जबकि नामी बैण्ड भी धूम मचायेंगे और सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र श्री जाहरवीर गोंगा जी महाराज का रथ होगा। जिसमें विराजमान होकर बाबा श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज शहर भ्रमण करेंगे और भक्तों को दर्शन देकर उन पर अपनी कृपा करेंगे। उन्होंने बताया कि कल 19 जुलाई की रात्रि में बाबा का विशाल जागरण रात्रि को सादाबाद गेट स्थित अंगूमल धर्मशाला पर आयोजित होगा। 20 जुलाई को सांय 7 बजे से विशाल फूल बंगला एवं श्री बाबा जाहरवीर जी के अलौकिक श्रृंगार दर्शन सादाबाद गेट स्थित अंगूमल धर्मशाला पर आयोजित होंगे।। उन्होंने समस्त धर्म प्रेमी जनता व मेला के पूर्व अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों आदि से अनुरोध किया है कि विशाल शोभायात्रा एवं मेला महोत्सव में भारी संख्या में पधार कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# जेएन मेडिकल कॉलेज में लेटेंट टीबी की जांच के लिए उन्नत 'सीवाई–टीबी' टेस्ट अब निःशुल्क उपलब्ध होगा

अलीगढ़, (यूएनएस)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज (जेएनएमसी) ने भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप लेटेंट टीबी (छिपी हुई तपेदिक) की जांच के लिए एक नई और उन्नत जांच प्रणाली ' सीवाई–टीबी' टेस्ट की शुरुआत की है। यह पहल देश में टीबी उन्मूलन अभियान को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जेएनएमसी के चेस्ट और टीबी विभाग के अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद शमीम ने जानकारी दी कि यह टेस्ट अब जेएनएमसी के ओपीडी–15 में सभी कार्य दिवसों पर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक हाई–रिस्क (अधिक जोखिम वाले) मरीजों के लिए पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध होगा। इसका उद्देश्य टीबी संक्रमण को समय रहते पहचानकर गंभीर बीमारी में बदलने से रोकना है। 'सीवाई–टीबी' टेस्ट एक आधुनिक स्किन टेस्ट है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के संक्रमण की अधिक सटीक पहचान करता है, खासकर उन लोगों में जिन्हें पहले बीसीजी का टीका लगाया गया हो या जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो। पारंपरिक मंटू टेस्ट की तुलना में यह टेस्ट ज्यादा भरोसेमंद है क्योंकि यह बीसीजी वैक्सीन में न पाए जाने वाले विशेष एंटीजन – ईएसएटी–6 और सीएफपी–10 का उपयोग करता है,



जिससे जांच की सटीकता और संवेदनशीलता बढ़ती है। विभाग के डॉ. नफीस ए. खान ने बताया कि यह टेस्ट खासकर एचआईवी, मधुमेह जैसी बीमारियों से ग्रसित अथवा कमजोर इम्यून सिस्टम वाले मरीजों में टीबी की प्रारंभिक पहचान के लिए एक प्रभावी साधन है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह एक स्क्रीनिंग टेस्ट है, और यदि रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो टीबी की पुष्टि के लिए छाती का एक्स–रे या बलगम की जांच जैसे अन्य परीक्षण आवश्यक हैं। इस टेस्ट की प्रक्रिया सरल है, त्वचा में हल्का इंजेक्शन दिया जाता है और 48 से 72 घंटे बाद प्रतिक्रिया देखी जाती है। अगर 5 मिमी या अधिक की सूजन आती है, तो इसे टीबी संक्रमण का संकेत माना जाता है। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत भारत सरकार के मिशन को आगे बढ़ाते हुए जेएनएमसी में 'सीवाई–टीबी' टेस्ट की शुरुआत एएमयू की ओर से जनस्वास्थ्य नवाचार और समय रहते उपचार की दिशा में एक बड़ी पहल है। लेटेंट टीबी के मामलों की पहचान से संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने और उच्च जोखिम वाले लोगों की रक्षा करने में मदद मिलेगी। जेएनएमसी की टीम ने पात्र मरीजों से आग्रह किया है कि वे इस अत्याधुनिक और निःशुल्क जांच सुविधा का लाभ उठाएँ, जिससे टीबी उन्मूलन की दिशा में एएमयू का योगदान और भी प्रभावी हो सके।

## पर्यावरण कार्यकर्ता अमन के जन्मदिन पर घर–घर होगा पौधारोपण

बाड़मेर। जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर सहित कई संस्थाओं के माध्यम से पिछले 23 वर्षों से निरन्तर पर्यावरण, जीव व जन सेवा तथा कल्याण को लेकर कार्य कर रहे समर्पित पर्यावरण कार्यकर्ता व स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन के 41वें जन्मदिन पर 20 जुलाई रविवार को सांसियों का तला सहित कई स्थानों पर पौधारोपण, गौसेवा सहित जीवदया के कई कार्यक्रम आयोजित होंगें। संस्थान सदस्य सुनिल रामधारी ने बताया कि स्टेट अवार्डी शिक्षक, सांसियों का तला गांव में अमूलचूल बदलाव व नई दिशा देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन के 41वें जन्मदिन पर 20 जुलाई रविवार को धन धन सतगुरु आश्रम एवं सांसियों का तला पूरे गांव में हर घर पौधारोपण किया जायेगा। जिसमें कुल 241 पौधे लगाने का कार्य किया जायेगा। साथ ही बेसहारा गौमाता की सेवा, पशुओं के लिए जल कुण्डी, पक्षियों के लिए परिण्ड़े सहित कई सेवा कार्य सम्पन्न होंगें। रामधारी ने बताया कि अमन के जन्मदिन पर धन–धन सतगुरु आश्रम व सांसियों का तला विद्यालय को प्लास्टिक मुक्त बनाने को लेकर अभियान का आगाज होगा। संस्थान के सचिव दीपक जैन ने बताया कि जन कल्याण संस्थान के अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन के 41वें जन्मदिन पर संस्थान की ओर से कच्ची बस्ती में रहने वाले 41 बच्चों को आर्थिक मदद व प्रेरित कर शिक्षा से जोडा जायेगा। जैन बताया कि उन बच्चों को संस्थान की ओर से निःशुल्क शिक्षण सामग्री प्रदान की जायेगी।

## ग्रेटर नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़,एक आरोपी के पैर में लगी गोली, एक फरार

नोएडा, (यूएनएस)। ग्रेटर नोएडा के थाना बादलपुर क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा फरार हो गया। बादलपुर पुलिस रात में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक कार को रोकने का इशारा किया गया। कार सवार ने रुकने की बजाय दुजाना चौकी से तिमूही पुलिया की तरफ भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने कार को कच्चे रास्ते पर उतार दिया, जहां उनकी गाड़ी फंस गई। पुलिस ने जब बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र की बॉम्बे कॉलोनी निवासी महबूब के रूप में हुई। वह सलीम का बेटा है। बदमाश से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। साथ ही एक सफेद स्विफ्ट डिजायर कार और बिजली के ट्रांसफॉर्मर से चोरी की गई एक कॉइल और एक एंगल भी मिला। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पूछताछ में पता चला कि महबूब शातिर अपराधी है। वह बिजली के ट्रांसफॉर्मर का सामान चोरी करता है। उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस फरार बदमाश की तलाश कर रही है। साथ ही घायल बदमाश के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

## नोएडा पुलिस की 3 बदमाशों से मुठभेड़,एक को पैर में लगी गोली, कांबिंग के दौरान 2 गिरफ्तार

नोएडा, (यूएनएस)। नोएडा के थाना फेस–2 नोएडा पुलिस एनएसईजेड तिराहे पर चौकिंग कर रही थी। पुलिस टीम द्वारा एक बोलेरो पिकअप वाहन को रुकने का इशारा किया गया। जिस पर बोलेरो पिकअप में सवार व्यक्ति रुकने के बजाय गाड़ी को तेजी से चलाते हुए एनएसईजेड नाले के किनारे पटरी की तरफ भगाने लगे। पुलिस टीम ने करीब एक किमी तक पीछा किया। अपने को घिरता हुआ देखकर बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगी। वो जमीन पर गिर गया। घायल बदमाश को गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान बबलू उर्फ अजय निवासी भंगेल, थाना फेस–2 हुई। इसकी उम्र करीब 24 साल है। बदमाश के कब्जे से 01 अवैध तमंचा बरामद किया गया। इसके दो साथी जाहर उम्र करीब 32 साल और इब्राहिम उम्र करीब 20 साल को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

## आम जनता के प्रति सेवा भाव रखने वाले व्यक्ति 27 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

रायबरेली। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा मा० अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरणध्जनपद न्यायाधीश रायबरेली के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के द्वारा समाज के निम्नतम व्यक्तिध्अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्य, अनैतिक, अत्याचार के शिकार लोग या ऐसे लोग जिनसे बेगार कराया जाता है, महिलाएं एवं बच्चे, मानसिक रोगी एवं दिव्यांग, अनपेक्षित अभाव जैसे बहुविनाश, जातीय हिंसा, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताये हुए व्यक्ति या शहीद सैनिक के आश्रित, औद्योगिक श्रमिक, किशोर, कारागार, मनोचिकित्सक अस्पताल या मनोचिकित्सकीय परिचार्यगृह में अभिरक्षा में रखे गये व्यक्ति, समाज के प्रत्येक वर्ग का प्रतिनिधित्व एवं हर जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों तक विधिक जागरुकता एवं विधिक सहायता कार्यक्रमों की पहुँच सुनिश्चित कराने व ऐसे सभी व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम हो को विधिक सहायता व न्याय दिलाने हेतु पराविधिक स्वयंसेवकों (च्ंतं स्महंस टवसनदजममते) की नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जानी है। निःशुल्क विधिक सहायता हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिनियम, 1987 की धारा 9(3) के अधीन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली में पराविधिक स्वयं सेवकों का चयन जिले स्तर एवं तहसील स्तर पर किया जाना है। आवेदक एवं पूर्व पराविधिक स्वयं सेवक भी अपना चयनध्पुर्नचयन हेतु अपना आवेदन पत्र मा० जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली को सम्बोधित करते हुए फोटो युक्त बायोडाटा सहित आवेदन करें। आवेदन पत्र किये जाने का प्रारूप इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जिला जजी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। आवेदन करने से पूर्व चयन हेतु नालसा की उक्त योजना में चयन प्रावधानों का सम्पूर्ण अध्ययन करें। इच्छुक व स्थानीय व्यक्ति जो निःशुल्क योगदानध्समाज सेवा हेतु तैयार हो, आम जनता।

## जीजीआईसी की शिक्षिका के खिलाफ जांच शुरू, टीचर से परेशान होकर छात्रा ने खाया था जहर

अलीगढ़, (यूएनएस)। अलीगढ़ के राजकीय कन्या इंटर कालेज खैर में छात्रा से दुर्व्यवहार करने वाली शिक्षिका के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। छात्रा के जहर खाने के बाद जहां पुलिस ने आरोपी शिक्षिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, वहीं शिक्षा विभाग ने सारे प्रकरण की विभागीय जांच बैठाई है। अधिकारियों की टीम सारे मामले की जांच करेगी और छात्रा और उसके परिवार के बयान भी दर्ज करेगी। वहीं आरोपी शिक्षिका के बयान भी दर्ज किए जाएंगे और कालेज में अन्य छात्राओं से पूछताछ की जाएगी। जिससे कि सारे मामले की सच्चाई सामने लाई जा सके। जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट डीआईओएस को सौंपेगी, जिसके बाद शिक्षिका के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। खैर के राजकीय कन्या इंटर कालेज की 9वीं की छात्रा आरोनी पुत्री सोमवीर गुरुवार को कालेज गई थी। आरोपी है कि यहां उसकी क्लास टीचर उमा ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसे क्लास के बाहर निकाल दिया। इसके बाद छात्रा का भाई कालेज पहुंचा। शिक्षिका ने भाई के सामने भी छात्रा को खरी खोटी सुनाई और कहा कि उसका स्कूल से नाम काट दिया जाएगा। जिसके बाद छात्रा परेशान हो गई थी और उसने घर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसके बाद उसे सीएचसी लाया गया था, जहां से जिला अस्पताल और फिर मेडिकल कालेज रेफर किया गया था। मेडिकल कालेज से उसे एम्स रेफर कर दिया गया था। घटना के बाद पीड़िता छात्रा के भाई अभय पुत्र सोमवीर ने खैर थाने में तहरीर देकर मुदकमा दर्ज कराया है। उसने बताया कि आरोपी शिक्षिका उमा उसकी बहन से रंजिश मानती हैं। आए दिन उसे छोटी–छोटी बातों पर परेशान करती हैं और मारपीट करती हैं। जब वह उनसे बात करने पहुंचा तो भी शिक्षिका ने यही किया, जिसके कारण उसकी बहन ने आत्मघाती कदम उठाया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह ने इस मामले की विभागीय जांच बैठाई है। उन्होंने दो सदस्यीय टीम गठित की है और दोनों एडीआईओएस को जांच अधिकारी बनाया है। डीआईओएस डॉ पूरन सिंह ने बताया कि सारे प्रकरण की जांच कराई जाएगी और छात्रा से भी बात की जाएगी। अभी उसका दिल्ली में इलाज चल रहा है। अलीगढ़ आने के बाद उसके बयान भी लिए जाएंगे। सीओ खैर वरुण सिंह ने बताया कि घटना के बाद छात्रा को तत्काल अस्पताल भेजा गया था, जहां से उसे दिल्ली एम्स रेफर किया गया है।

# हाथों पर रचेगी बाबा श्याम के नाम की मेंहदी, सूरजगढ़ से आएगी निशान यात्रा

## धूमधाम से मनाया जाएगा श्री खाटू श्याम मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव

(भव्य प्रभात)



सादाबाद। नगर के बिजलीघर रोड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर का चतुर्थ वार्शिकोत्सव दो सिंतबर से धूमधाम से मनाया जाएगा। वार्शिकोत्सव के तहत चार दिवसीय इस कार्यक्रम में दो गरीब कन्याओं का विवाह संपन्न होगा, वहीं भजन संध्या, निशान यात्रा और श्याम नाम की मेंहदी कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए श्री गोवर्धनधाम खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा तैयारियां षुरू कर दी गई हैं।

ट्रस्टी रजत उर्फ खौनू अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में दो सिंतबर को षाम पांच बजे से श्याम नाम की मेंहदी का आयोजन होगा, जिसमें महिला श्रद्धालु एक दूसरे के हाथों पर बाबा ष्याम के नाम की मेंहदी रचाएंगी। इसके लिए सामग्री मंदिर में ही उपलब्ध कराई जाएगी। तीन सिंतबर को परिवर्तनी एकादषी के मौके पर सूरजगढ़ से ष्याममभक्त हजारीलाल इंदौरिया के सानिध्य में निषान यात्रा आएगी। यह यात्रा नगर के महाराजा अग्रसेन सेवा सदन से प्रारंभ होगी और जवाहर बाजार मुरसान चौराहा होते हुए मंदिर तक पहुंचेगी। इस निषान यात्रा में षामिल 5100 निषान बाबा को अर्पित किए जाएंगे। यात्रा में बाबा ष्याम रथ में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। पांच सिंतबर को श्री गोवर्धनधाम खाटू ष्याम मंदिर सादाबाद पर राजस्थान के खाटू ष्याम मंदिर की बड़ी मां के सानिध्य में भजन संध्या का आयोजन होगा। इस भजन संध्या में भजन गायक दीपक गुप्ता, अंकुर अग्रवाल के अलावा दिल्ली की षीतल पांडेय व गुरूग्राम की वर्शा गर्ग बाबा ष्याम के भजनों की धूम मचाएंगे। रजत ने बताया कि आयोजन बहुत ही भव्य होगा। नगर व क्षेत्र के अलावा आसपास के षहर हाथरस, आगरा, अलीगढ़, जलेसर, सहपऊ, बिसावर आदि के ष्याम प्रेमियों में आयोजन को लेकर खासा उत्साह है। यहां के ष्याम भक्त भी काफी बड़ी संख्या में आयोजन में सहभागिता करेंगे।

### पहली बार होगा दो गरीब कन्याओं का विवाह

सादाबाद। श्री खाटू श्याम मंदिर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव के मौके पर इस बार पहली बार श्री गोवर्धनधाम खाटू ष्याम मंदिर ट्रस्ट सामूहिक गरीब कन्या विवाह का आयोजन करा रहा है। यह आयोजन चार सितंबर को मंदिर के निकट ही आयोजित किया जाएगा। ट्रस्टी रजत अग्रवाल व मंदिर के अन्य कई पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन में दो गरीब कन्याओं का विवाह ट्रस्ट द्वारा कराया जाएगा। ट्रस्ट द्वारा ही विवाह आयोजन की प्रत्येक व्यवस्था की जाएगी। यह आयोजन भक्ति, सेवा और सामाजिक एकता का संगम होगा, जिसकी गूंज सिर्फ सादाबाद ही नहीं, बल्कि समूचे क्षेत्र में सुनाई देगी।

# नवागत तहसीलदार का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

## सादाबाद तहसील सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन



(भव्य प्रभात)

सादाबाद। नवागत तहसीलदार हेमंत चौधरी ने शुक्रवार को तहसील सभागार में अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने तहसीलदार का बुके भेंट कर स्वागत किया और सादाबाद तहसील का कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई दी। इस दौरान तहसीलदार ने बताया कि वह पूर्व में महावन, मथुरा, एत्मादपुर आदि जगहों पर नायब तहसीलदार के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। प्रोन्नत होने के बाद बतौर तहसीलदार के रूप में उनकी सादाबाद में पहली ज्वाइनिंग है। वह सभी के साथ मिलजुल कर कार्य करेंगे। शासन की नीतियों के तहत कार्य करते हुए योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाया जाएगा। पीड़ित को न्याय दिलाने का काम करेंगे। इस दौरान दी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र पाराशर व पूर्व सचिव अनिल दीक्षित ने उन्हें बताया कि यहां शुरू से ही बार और बेंच का समन्वय रहा है। संवाद और विचारों का आदान प्रदान रहा है। मौके पर सचिव दिग्विजय सिंह, गुनेंद्र सिंह, बीडी गौतम, दिवाकर शर्मा, शैलेंद्र नगाइच, केके चतुर्वेदी, अजय चौधरी, देवेंद्र राजपूत, अजय कुमार, अखिलेश वार्ष्णेय, राजेश आर्य, सुरेशचंद्र कुशवाहा, हरीदत्त शर्मा, शिवदत्त शर्मा, नंदकिशोर, जगदीश कर्दम आदि थे।

# नोएडा में हुए सड़क हादसे में सादाबाद के युवक की मौत

सादाबाद। गांव पट्टी शक्ति सोरई सादाबाद निवासी एक युवक की नोएडा में गुरूवार रात हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के मुताबिक, गांव पट्टी शक्ति सोरई निवासी करीब 24 वर्षीय मनोज कुमार चौधरी पुत्र सूरजपाल गुडगांव में ही किसी संस्था में कार्य करते थे। मृतक मनोज के बडे भाई कर्मवीर ने बताया कि गुरूवार की रात को वह नोएडा में हॉककांग मार्केट की रेड लाइट के निकट से गुजर रहे थे तो इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनमें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मनोज की शादी को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ था।

# तेज हवाओं ने बिजली व्यवस्था को किया अस्त व्यस्त, हजारों उपभोक्ताओं ने ८ घंटे तक झेला बिजली संकट

## कई जगह लाइनों पर गिरी पेड़ों की टहनियां

(भव्य प्रभात)

सादाबाद। सादाबाद क्षेत्र में गुरूवार को तेज हवाओं और छाए बादलों ने लोगों को गर्मी से राहत तो दिला दी, लेकिन नगर और क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को अस्त व्यस्त कर दिया। सादाबाद के नगर के टाउन 2 और 3 फीडर के साथ ही देहात क्षेत्र के लगभग सभी विद्युत उपकेंद्रों से जुड़े गांव मजरों में बिजली आपूर्ति करीब 8 घंटे तक ठप रही। इससे हजारों उपभोक्ता बिन बिजली के बेहाल रहे। तेज हवा की वजह से कई जगह पेड़ों की डालियां टूटकर बिजली लाइनों पर गिर गईं, जिससे विद्युत आपूर्ति सबसे अधिक प्रभावित रही। उपभोक्ताओं ने कई बार बिजलीघर और विद्युत अधिकारियों पर फोन भी किए, लेकिन तेज हवाओं की वजह विद्युत आपूर्ति को सुचारू नहीं किया जा सका। इस वजह से कोई पानी के लिए परेशान रहा तो कोई अपनी दुकान पर सामान खराब हो जाने की वजह से परेशान रहा।

सादाबाद नगर के टाउन 2 और टाउन 3 फीडर के अलावा सहपऊ, बिसावर, नानऊ, रसमई पिपरामई, गीगला एदलपुर, गुतहरा आदि विद्युत उपकेंद्रों पर बिजली सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक ठप रही। तेज हवा की वजह से विद्युत लाइनें आपस में टकराने, फॉल्ट होने, लाइन टूटने आदि की संभावना को देखते हुए बिजली आपूर्ति को सुचारू नहीं किया जा सका। इससे नगर के

# दुबारा नाबालिग को भगा ले गया युवक, पिता को दी जान से मरवाने की धमकी

सादाबाद। सहपऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक पीड़ित पिता ने शुक्रवार को समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली आइजीआरएस पोर्टल के जरिए मुख्यमंत्री से शिकायत की है। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को मुरसान थाना क्षेत्र के गांव गदाई का एक युवक 16 जून को दुबारा भगा ले गया है, जिसकी शिकायत उसने स्थानीय पुलिस अधिकारियों से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। उसकी बेटी का कोई पता नहीं है। 16 जुलाई को उसके मोबाइल पर उक्त युवक की कॉल आई कि तेरी लड़की को दुबारा भगा लाया हूं, यदि तूने कोई कार्यवाही की तो तुझे जान से मरवा दूंगा, पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। पत्र में उसने अपनी पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है।

# कांवड कैंपों में कांवडियों की सेवा करते नजर आए कमी



(भव्य प्रभात)

सादाबाद। कुरसंडा मोड पर कांवड़ियों के लिए लगाए गए कैंप में शुक्रवार को वहां मौजूद कर्मचारी कांवडियों की सेवा करते नजर आए। लेखपाल सचिन गुप्ता व अन्य विभागों के कर्मियों ने कांवड़ियों के पैर दबाए और उनका हाल चाल पूछा। पीने के लिए पानी आदि दिया। इधर, एसडीएम संजय कुमार ने भी कांवड कैंपों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# सलेमपुर में दो पक्षों में विवाद, कई लोग हुए घायल

(भव्य प्रभात)

सादाबाद। गांव सलेमपुर में दो पक्षों में विवाद हो गया। इस विवाद में 6 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों का पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण कराया है। एक पक्ष की ओर से गांव सलेमपुर निवासी सुधा देवी पत्नी रामवीर सिंह ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 18 जुलाई की सुबह करीब आठ बजे वह अपने घर का काम काज कर रही थी, तभी गांव के कुछ दबंग लोगों ने एक जुट होकर उसके घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। जब उसने शोर मचाया तो बचाने आए रवि, दिलीप, अरूण, लालता प्रसाद को जान से मारने की नीयत से लाठी डंडों सरिया, पंच आदि से मारापीटा, जिससे वह घायल हो गए। यह लोग अन्य कई लोगों के आ जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।


**सूचना**


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शोभा देवी एवं शोभारानी दोनों ही मेरे नाम है। मुझे शोभा देवी एवं शोभारानी दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**शोभा देवी पत्नी श्री दिनेश कुमार पुत्री स्व श्री पृथ्वी सिंह निवासी- बुद्धपुर ,पोस्ट अहमदगढ, डिबाई, बुलंदशहर उत्तर प्रदेश।**

### ब्रायन लारा ने वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड को लताड़ा

# राष्ट्रीय टीम का गलत इस्तेमाल हो रहा

जमैका। लारा ने कहा है कि कैरिबियाई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलग–अलग लीगों के कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए वेस्टइंडीज टीम का इस्तेमाल हो रहा है और पूरन जैसे खिलाड़ियों का इतनी कम उम्र में संन्यास लेना शर्म की बात है। निकोलस पूरन जैसे युवा और बेहतरीन खिलाड़ी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले ने पूरी दुनिया को चौंका कर रख दिया। कभी विश्व क्रिकेट पर राज करने वाली वेस्टइंडीज टीम का हाल पिछले कुछ वर्षों में खस्ता हो गया है। यहां तक कि टीम विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट्स के लिए क्वालिफाई नहीं कर पा रही है। टीम के ज्यादातर खिलाड़ी दुनिया भर की लीग का हिस्सा हैं और वहां शानदार प्रदर्शन कर मैच विनर साबित हो रहे हैं, लेकिन जब बात देश के लिए खेलने की आती है तो फिसड्डी साबित हो रहे हैं। ऐसे में महान बल्लेबाजों में शुमार ब्रायन लारा को आगे आना पड़ा है और उन्होंने वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड और अपने खिलाड़ियों को खरी खोटी सुनाई है। लारा ने कहा है कि कैरिबियाई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलग–अलग लीगों के कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए वेस्टइंडीज टीम का इस्तेमाल हो रहा है और पूरन जैसे खिलाड़ियों का इतनी कम उम्र में संन्यास लेना शर्म की बात है। वहीं, दूसरे देशों के खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय टीम से खेलना गर्व की बात होती है। एक पॉडकास्ट पर इंग्लैंड के फिल टफनेल, डेविय लॉयड, माइकल वॉन और एलिस्टेयर कुक से बात करते हुए लारा ने कहा, श्वेस्टइंडीज टीम में ऐसे कई खिलाड़ी हैं जो यह फैसला करने में लगे हैं कि करियर के साथ क्या करना है। वेस्टइंडीज के पास पूरन जैसे आक्रामक खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय संन्यास ले लिया। और ईमानदारी से कहूं तो यह बहुत स्पष्ट है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। दुनिया भर में पांच या छह लीग हैं और वे उनमें खेलकर पर्याप्त मात्रा में पैसा बनाने में सक्षम हैं।श लारा ने कहा, श्मुझे इससे कोई समस्या नहीं है। सच तो यह है कि मुझे नहीं लगता कि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड या प्रशासन ने अपने खिलाड़ियों को वेस्टइंडीज क्रिकेट के प्रति वफादार रखने के लिए कुछ सार्थक किया है जैसा कि इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और यहां तक कि भारत जैसे देशों के बोर्डों ने किया है। इसलिए स्वाभाविक रूप से हमारे खिलाड़ी कहीं और अपने करियर की तलाश कर रहे हैं। और जब आप केन विलियम्सन या यहां तक कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को यही विकल्प चुनते हुए देखते हैं, तो आप समझ जाते हैं कि ये लोग सिर्फ अपने परिवारों को खाना प्रदान करने की कोशिश कर रहे हैं।श पूरन ने पिछले महीने 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करके दुनिया को चौंका दिया था। हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जाएंट्स और मेजर लीग क्रिकेट में एमआई न्यूयॉर्क के लिए धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले 29 वर्षीय ने अंतरराष्ट्रीय सर्किट से संन्यास लेने के फैसले को मुश्किल करार दिया था।




## पाकिस्तान के बड़े–बड़े वादों की खुली पोल, गोल्ड मेडलिस्ट अरशद नदीम को दिखाया गया ठेंगा

पेरिस ओलंपिक में जैवलिन में गोल्ड मेडल जीतने वाले पाकिस्तान के अरशद नदीम ने अपने ही देश की पोल पट्टी खोल दी है। नदीम ने कहा है कि, मेडल जीतनेके बाद उनसे किए गए कई वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। नदीम ने कहा है कि उनके लिए की गई भूमि आवंटन की घोषणाएं फर्जी थीं। नदीम ने पेरिस ओलंपिक में 92.97 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो करते हुए भारत के नीरज चोपड़ा को पछाड़कर गोल्ड मेडल जीता था। 89.45 मीटर का थ्रो करने वाले नीरज दूसरे स्थान पर रहे थे। ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद, पाकिस्तानी जैवलिन स्टार को कई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया और सरकार प्रांतीय प्रशासन और निजी संस्थाओं द्वारा वित्तीय पुरस्कारों का वादा किया गया। हालांकि, नदीम को वादा किए गए नकद पुरस्कार विधिवत प्रदान किए गए, लेकिन घोषित भूमि आवंटन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। नदीम ने कहा कि, उनका ध्यान प्लॉट पर नहीं, बल्कि पूरी तरह एथलेटिक करियर पर केंद्रित है। पाकिस्तान के ए स्पोर्ट्स की रिपोर्ट के अनुसार, नदीम की इंग्लैंड में मांसपेशियों की सर्जरी सफलतापूर्वक हुई है। वह अब पिंडली की चोट से उबर रहे हैं पिंडली की इंजरी के कारण से ही वह हाल की कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले सके थे।

## टीम इंडिया का ये प्लेयर है सबसे मूल्यवान खिलाड़ी, कोच और अन्य प्लेयर्स ने तारीफ में पढ़े कसीदे

टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की तारीफ करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में उनके प्रदर्शन को अविश्वसनीय जुझारूपन करार दिया। इस कड़ी में जडेजा को टीम का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी यानी डटच का तमगा भी दिया गया। जडेजा 181 गेंदों पर 61 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन उनकी इस बेहतरीन पारी के बावजूद भारत तीसरे टेस्ट में 22 रन से हार गया। वहीं बीसीसीआई ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें गंभीर ने जडेजा की तारीफ में जमकर कसीदे पढ़े। जडेजा को लेकर गंभीर को वीडियो में कहते हुए सुना जा सकता है कि, ये अविश्वसनीय जुझारूपन था। जड्डू की जुझारू पारी वास्तव में बेहतरी थी। भारतीय टीम 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और उसके टॉप आठ बल्लेबाज 40 ओवर से भी कम समय तक टिके रहे। लेकिन सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जडेजा ने दृढ़ता से काम किया और पुछल्ले बल्लेबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर साहस और धैर्य का बेहतरीन परिचय दिया। बुमराह ने 54 गेंदों का सामना करते हुए पांच रन और सिराज ने 30 गेंदों पर चार रन बनाए। भारत 74.5 ओवर में 170 रन पर आउट हो गया और इस तरह से पांच मैचों की सीरीज में 1–2 से पीछे हो गया। वहीं वीडियो में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा कि, जडेजा की बल्लेबाजी एक अलग ही स्तर पर पहुंच गई है। पिछले दो टेस्ट मैचों में उन्होंने जो धैर्य दिखाया वह वास्तव में काबिले तारीफ है। मैं उन्हें सालों से खेलते हुए देख रहा हूं, मैंने देखा है कि उन्होंने अपने खेल को कैसे निखारा है। उनका डिफेंस बहुत मजबूत है और वे एक बेहतरीन बल्लेबाज लगते हैं।

## बेटी के बर्थडे पर भावुक हो गए मोहम्मद शमी, जन्मदिन पर लिखी दिल छूने वाली बात

भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने बेटी आयरा के जन्मदिन पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। शमी ने बेटी के 10वें जन्मदिन पर अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए एक संदेश भी लिखा। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार गेंदबाज शमी ने 17 जुलाई को एक भावुक इंस्टाग्राम पोस्ट के माध्यम से अपनी बेटी आयरा के 10वें जन्मदिन पर उसके प्रति अपने प्यार का इजहार किया। शमी के ये पोस्ट उस समय आई है।

# अरबों डॉलर के भारत–अमेरिका व्यापार समझौते में ये क्यों बन रहा है बड़ी रूकावट

भारत–अमेरिका व्यापार समझौते पर शीर्ष वार्ताकारों के बीच गहन बातचीत के बीच, कृषि और डेयरी ऐसे क्षेत्र उभर रहे हैं जहाँ दोनों पक्ष एक साझा आधार तलाश रहे हैं। किसानों के हितों की रक्षा के अलावा, ष्मांसाहारी दूधष् को लेकर सांस्कृतिक संवेदनशीलता भी एक बड़ा मुद्दा है, जबकि वाशिंगटन डीसी नई दिल्ली पर अपना डेयरी बाजार खोलने के लिए दबाव डाल रहा है। हालाँकि, भारत सख्त प्रमाणीकरण पर जोर दे रहा है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि आयातित दूध उन गायों से आए जिन्हें मांस या रक्त जैसे पशु–आधारित उत्पाद नहीं खिलाए गए हों। धार्मिक और सांस्कृतिक संवेदनशीलताओं से प्रेरित होकर, भारत इसे अपने उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए ष्असंगत सीमाष् के रूप में देखता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है, और जिन प्रमुख मुद्दों पर अभी तक आम सहमति नहीं बन पाई है, उनमें से एक है नई दिल्ली द्वारा अमेरिका से डेयरी उत्पादों के आयात को अनुमति देने की अनिच्छा। भारत द्वारा अमेरिका से दूध के आयात की अनुमति देने में आनाकानी करने का एक प्रमुख कारण यह है कि वहाँ गायों को मांस या रक्त जैसे पशु–आधारित उत्पाद खिलाए जाते हैं। इन गायों के दूध को ष्मांसाहारी दूधष् भी कहा जाता है। रिपोर्टों से पता चलता है कि भारत ने ष्मांसाहारी दूधष् के आयात पर एक लाल रेखा खींच दी है। श्मांसाहारीश् दूध क्या है? भारत अमेरिका पर एक सख्त प्रमाणीकरण के लिए दबाव डाल रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आयातित दूध उन अमेरिकी गायों से आए जिन्हें मांस या रक्त जैसे पशु–आधारित उत्पाद नहीं खिलाए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने धार्मिक और सांस्कृतिक चिंताओं का हवाला देते हुए इसे ष्अटूट लाल रेखाष् माना है। 2023 वर्ल्ड एटलस रिपोर्ट के अनुसार, भारत की लगभग 38 प्रतिशत आबादी शाकाहारी है। हिंदू प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों में दूध और घी का उपयोग करते हैं। व्यापार वार्ता के बीच भारत अमेरिकी डेयरी उत्पादों को क्यों मना कर रहा है 2023 वर्ल्ड एटलस रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 38ः आबादी शाकाहारी है। हिंदू भी अपने धार्मिक अनुष्ठानों में दूध और घी का उपयोग करते हैं, जिससे ष्मांसाहारी दूधष् के आयात पर सख्त प्रतिबंध है। नई दिल्ली स्थित थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इंस्टीट्यूट (ळज्त्प्) के अजय श्रीवास्तव ने पीटीआई को बताया, ष्कल्पना कीजिए कि आप उस गाय के दूध से बना मक्खन खा रहे हैं जिसे किसी दूसरी गाय का मांस और खून पिलाया गया हो। भारत शायद इसकी कभी अनुमति न देष्। अमेरिका के लिए डेयरी खोलने से भारत को सालाना 1.03 लाख करोड़ रुपये का नुकसान।

## चौथे टेस्ट से कटेगा करुण नायर का पत्ता! इस युवा बल्लेबाज को मिल सकता है मौका

भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। वहीं पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरुआती तीन मैचों में भारत के ज्यादातर बल्लेबाजों ने बड़े रन बटोरे हैं लेकिन करुण नायर को दूसरा मौका दिया फिर भी वह उसे भूना नहीं पाए। चौथे टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग इलेवन तय होने पर सिर्फ उन्हीं का नाम हट सकता है। आठ साल बाद टीम इंडिया के लिए वापसी कर रहे करुण नायर ने अपनी 6 पारियों में से ज्यादातर में अच्छी शुरुआत की लेकिन वह उसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए। वहीं पूर्व भारतीय विकेटकीपर दीप दासगुप्ता का कहना है कि सुदर्शन को वापस लाने का समय आ गया है। लॉर्ड्स में दूसरी पारी में वह ब्रायडन कार्स की अंदर आती गेंद की लाइन एंव लेंथ का सही अनुमान नहीं लगा पाए और आउट हो गए। तीसरे नंबर पर भारत को नायर से मजबूती दिलाने की उम्मीद थी क्योंकि उन्होंने घरेलू क्रिकेट में रनों का पहाड़ खड़ा करने के बाद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई। भारत पांच मैचों की सीरीज में 1–2 से पीछे है और अगला मैच अभी एक हफ्ते दूर है, ऐसे में प्रबंधन को फैसला लेना होगा कि नायर के साथ बने रहें या फिर युवा साई सुदर्शन को मौका दिया जाए।

भव्य प्रभात

# शुभांशु की शुभ वापसी

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और ऐक्सीअम 4 मिशन के उनके तीन अन्य साथी 18 दिन के प्रवास के बाद पृथ्वी पर सकुशल लौट आये हैं। अंतरिक्ष यात्रियों ने पृथ्वी पर लौटने से पहले 22.5 घंटे की यात्रा की। करीब 18 दिन के प्रवास के दौरान उन्होंने पृथ्वी के 310 से ज्यादा चक्कर लगाए और करीब 1.3 करोड़ किलोमीटर की दूरी तय की। यह अभियान भारत के लिए ऐतिहासिक रहा, क्योंकि शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बने और राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय। राकेश शर्मा अप्रैल 1983 में अंतरिक्ष गए थे। 25 जून को चार अंतरिक्ष यात्रियों के साथ फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से फॉल्कन 9 द्वारा ड्रैगन को अंतरिक्ष में भेजा गया था। इस अभियान को भारत की गगनयान योजना के तहत 2027 में होने वाले पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन की शुरुआती सफलता के तौर पर भी देखा जा रहा था। इसके अलावा भारत की साल 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक चांद पर अंतरिक्ष यात्री भेजने की महत्त्वाकांक्षी योजना है। अभियान के दौरान शुक्ला ने कहा था, 'अंतरिक्ष से आज का भारत काफी महत्वाकांक्षी, निडर, आत्मविश्वास और गर्व से भरा नजर आता है। भारत आज भी ऊपर से सारे जहां से अच्छा दिखता है।' शुक्ला का अंतरिक्ष यान सोमवार की शाम करीब 4.50 बजे अंतरिक्ष स्टेशन से अलग हो गया था और इसे वापसी की यात्रा में करीब साढ़े बाइस घंटे का वक्त लगा। प्रशांत महासागर पर सुरक्षित उतरने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों को लाने के लिए नावें तैयार थीं। ऐक्सीअम–4 का चालक दल शाम करीब 4 बजे यान से बाहर निकला, जिसके बाद उनकी कई तरह की चिकित्सीय जांच की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'मैं राष्ट्र के साथ मिलकर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट आए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय हैं और उन्होंने समर्पण, साहस और अन्वेषण भावना से अरबों लोगों को प्रेरित किया है।' मोदी ने कहा कि यह भारत के अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन– गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है। बताया जा रहा है कि भारत ने इस मिशन के लिए करीब 500 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। आईएसएस में ऐक्सीअम–4 क्रू ने कुल 60 प्रयोग किए, जिनमें सात भारतीय शोधकर्ताओं ने तैयार किए थे। इन शोधों का मूल लक्ष्य यह देखना था कि अंतरिक्ष में जीवन का क्या होता है। ऐक्सीअम–4 मिशन 25 जून को फ्लोरिडा में नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से सफलतापूर्वक रवाना हुआ था। यह 26 जून को जाकर आईएसएस के साथ जुड़ गया था। दो दिन तक बहुत कम गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रैविटी) वाले माहौल से तालमेल बिठाने के बाद 29 जून से शुभांशु ने वैज्ञानिक प्रयोग शुरू किए थे। उन्होंने आईएसएस में समय बिताते हुए सात प्रयोग किए–1. शुभांशु के प्रमुख प्रयोगों में एक अंतरिक्ष में माइक्रोएल्गी रखना था। उन्होंने इन एल्गी (शैवाल) के नमूनों से भरा थैला रखा और उनकी प्रजातियों के उपसमूहों की तस्वीरें भी लीं। ये नन्ही सी एल्गी आगे चलकर अंतरिक्ष को खंगालने में बड़ी भूमिका निभा सकती है क्योंकि लंबे अरसे के लिए गए मिशन को ये पोषक तत्वों से भरपूर भोजन का स्थायी स्रोत उपलब्ध करा सकता है। 2. अंतरिक्ष स्टेशन के भीतर सलाद के बीजों को अंकुरित करने का प्रयोग भी किया गया, जिसे कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धारवाड़ ने तैयार किया था। 3. यूटार्डिग्रेड पैरामैक्रोबायोटस की जीवन क्षमता, पुनर्जीविता, प्रजनन और ट्रांसक्रिप्टोम का आकलन करने के लिए भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बेंगलुरु के प्रयोग को भी वहां आजमाया गया। वॉयेजर टार्डिग्रेड्स के इस प्रयोग में देखा गया कि सूक्ष्मदर्शी जीव अंतरिक्ष में कैसे जीवित रहते और प्रजनन करते हैं। 4. शुभांशु ने मायोजेनेसिस प्रयोग भी किया, जिसका मकसद यह पता लगाना था कि अंतरिक्ष में कंकाल की मांस पेशियों का क्षरण किस जैविक तरीके से होता है। 5. चयापचय में मदद करने वाले पदार्थों का सूक्ष्म गुरुत्व में मांसपेशियों के पुनर्विकास पर पड़ने वाला प्रभाव समझने के लिए भी एक प्रयोग किया गया। 6. सूक्ष्म गुरुत्व में आईआईएससी द्वारा विकसित इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले की मदद से मानव संपर्क का विश्लेषण किया गया। 7. भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, अंतरिक्ष विभाग तथा केरल कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कृषि महाविद्यालय, वेल्लायनी द्वारा तैयार खाद्य फसल बीजों की वृद्धि और उपज पर परीक्षण भी अंतरिक्ष स्टेशन में किया गया। शुभांशु की शुभ वापसी पर शुक्ला परिवार सहित सारा देश इस इतिहासिक पल पर गर्व महसूस कर रहा है। खुशी के इस माहौल में हमें हमेशा यह याद रखना चाहिए। कि भारत प्रथम है। भारत की आन–बान–शान से ही हम सब जुड़े हैं। आओ इस गर्व व खुशी के पल में संकल्प करें की भारत के लिए ही जीयेंगे और मरेंगे। भारत को अगर 2047 तक विकसित भारत बनाना है तो देशहित व देश का मान ही हमारा हित और शान होना चाहिए। शुभांशु शुक्ला की 18 दिनों की अंतरिक्ष यात्रा के बाद धरती पर सकुशल वापसी पर आप सबको बहुत–बहुत बधाई और परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि हम भारतीयों को भविष्य में भी इसी तरह के खुशी व गर्व के अवसर प्रदान करता रहे।

# विश्वसनीयता पर गम्भीर सवाल

**वर्षा भम्भाणी मिर्जा**

बीते कुछ समय से देश के नागरिकों पर ही यह साबित करने का दारोमदार डाल दिया गया है कि वे इस देश के नागरिक हैं। ऐसा लगभग धमकाने की मुद्रा में है कि जो ऐसा नहीं कर पाए तो व्यवस्था आपको बाहर कर देगी। कागज दिखाने की ऐसी जोर–जबरदस्ती पहले कभी नहीं देखी गई। अब नया यह कि जो कागज हैं भी तो ये पहचान के लिए काफी नहीं हैं। वोटर आईडी, राशन कार्ड, यहां तक कि आधार कार्ड भी कोई मायने नहीं रखता। अब नई मतदाता सूची बनेगी तब ही वोट भी डाल सकोगे। जो आवाज ऊंची की तो फिर कहा जाएगा तुम तो घुसपैठिये हो, तुम्हें वोट का अधिकार क्यों होना चाहिएश, आदि। बिहार में बीते तीन सप्ताह से ऐसी ही कवायद चल रही है और सर जी इस बड़े अभियान में लगे हुए हैं। अब सवाल यही है कि क्या चुनाव आयोग नया गृह मंत्रालय है जो नागरिकता के प्रमाणपत्र भी बांटेगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी कह दिया है कि आयोग इन पहचान पत्रों को शामिल करे, अब यह आयोग की जिम्मेदारी है कि वह नागरिकों को विश्वास में ले कि यह उन्हें शामिल करने के लिए हो रहा है दूर करने के लिए नहीं। विपक्ष तो कुछ दिनों से लगातार चीख ही रहा है लेकिन बड़ा अपडेट यह है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी तेलुगु देशम ने ही चुनाव आयोग से मांग कर दी है कि चुनाव प्रक्रिया के इस सर– स्पेशल इंटेंसिव रिविजन को स्पष्ट किया जाए और इसका नागरिकता साबित करने से कोई संबंध नहीं है। वाकई लोकतंत्र की यह कौन सी नई परिभाषा है कि चुनाव आयोग मतदाताओं को जोड़ने की बजाय नागरिकता पुष्ट करने की भूमिका में आ गया है? सर यानी बिहार चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची के लिए हो रही इस विशेष गहन समीक्षा पर सर्वोच्च न्यायालय में भी सुनवाई जारी है। बिहार के सात जिले नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगते हैं और यह एक खुली सीमा है। नागरिक बिना किसी रोक–टोक के आ–जा सकते हैं। इन जिलों से नेपाल का रोटी–बेटी का रिश्ता है। तो क्या अब पाकिस्तान,बांग्लादेश, म्यांमार की तरह नेपाल के नागरिकों से भी हमें दिक्कत होने लगी। संभव है कि इस खुली सीमा की वजह से सरकार को आशंका हो कि विदेशी नागरिक इस खुली सीमा का लाभ ले यहां बसे भी हों लेकिन फिर इसकी तकलीफ आम आदमी को क्यों दी जाए? आखिर अंतरराष्ट्रीय सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है। जो माहौल बनाया गया है उसमें तो पश्चिम बंगाल से बिहार आकर बसे बंगाली बोलने वाले नागरिक भी बांग्लादेशी मुसलमान कहकर हिकारत से देखे जाते हैं। कई राज्यों और विविधता वाला भारत महीन धागे से एक दूसरे से जुड़ा है, इसका ताना –बाना भी सरकार को समझना है क्योंकि कोलकाता में एक बड़ी रैली कर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने भी हुंकार भर दी है। रैली में उन्होंने कहा– देश भर में बंगालियों को सताया जा रहा है। सरकार का यही तरीका है कि पहले बंगालियों की बुद्धि और अनुभव का लाभ लो और फिर उन्हें डिटेंशन सेंटर में डाल दो। अब की बार बंगाल भारतीय जनता पार्टी की सियासत को ही डिटेंशन सेंटर में डाल देगा। एक और गंभीर पहलू सामने आया है कि जो पत्रकार सीधे बिहार जाकर मतदाताओं की परेशानी दिखा रहे हैं उन पर एफआईआर दर्ज की जा रही है। अब तक खामोश रहने वाली चन्द्रबाबू नायडू की तेलगु देशम पार्टी ने किसी दूरदर्शी पार्टी की तरह बिहार का मुद्दा उठा दिया है जबकि फिलहाल वहां कोई चुनाव नहीं होने हैं । पार्टी ने मंगलवार को दिल्ली में चुनाव आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश कुमार के साथ हुई बैठक में चार पन्ने का पत्र दिया है जिसमें छह महीने में नई सूची के तैयार होने के वक्त को बहुत कम बताया है और चुनाव आयोग की इस सारी कवायद की जांच एक निष्पक्ष संवैधानिक संस्था कैग, नियंत्रक, महालेखा परीक्षक से कराए जाने की मांग भी कर दी है। जाहिर है कि एक ऐसे राज्य में जहां साक्षरता बेहद कम और प्रशासकीय सेवाओं में अब भी पिछड़ापन पसरा हो वहां तकनीकी दक्षता से काम होने में समय लग सकता है। तमाम बीएलओ खुद पर्चे भर रहे हैं और चुनाव आयोग रोज सूची पूरी करने के आंकड़े पेश करने में लगा है। कई जगह बीएलओ की तनख्वाह भी रोकी गई है। नई सूची पूरी करने की (25 जुलाई तक) जो तलवार चुनाव आयोग ने लटका रखी है, उससे कई तरह की गफलत सामने आ रही है। पत्रकार अजित अंजुम के वीडियो में जो कैद हुआ, वह हैरान कर देने वाला है। यह वीडियो पटना से पंद्रह किलोमीटर दूर फुलवारी शरीफ का है जहां तमाम बीएलओ इकट्ठे होकर फॉर्म के गट्ठर लेकर बैठे हैं। उनके सामने एक मतदाता सूची है और वे खुद ही इस सूची के आधार पर नाम दर्ज कर रहे हैं और फॉर्म पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। ये मतदाता कौन हैं? हैं भी या नहीं, इसकी जवाबदेही किसकी होगी? यह कैसे फॉर्म भरे जा रहे हैं जिन पर न तो मतदाता की तस्वीर है और न ही हस्ताक्षर? अजित अंजुम वही पत्रकार हैं जिन पर सोमवार को बेगूसराय में यह कहकर एफआईआर दर्ज की गई कि वे सरकारी कामकाज में बाधा डाल रहे थे और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ रहे थे। इस एफआईआर का कई पत्रकार संगठन और पत्रकारों ने जबरदस्त विरोध किया है। एक वरिष्ठ पत्रकार लिखते हैं– ग्राउंड जीरो से सच्चाई की रिपोर्टिंग अब अपराध है। 25 जून को जिन लोगों ने आपातकाल के नाम पर लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया, वही लोग आज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंटने की कोशिश कर रहे हैं। यह विरोधाभास नहीं, पाखंड है। पत्रकारों की जिम्मेदारी है कि वे ग्राउंड जीरो से रिपोर्ट करें, लोगों की आवाज बनें, सत्ता से सवाल पूछें। अगर सच्चाई को सामने लाना अपराध बना दिया जाए तो फिर क्या बचेगा लोकतंत्र में? फिलहाल ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग को मतदाता की नहीं खुद अपनी भूमिका की समीक्षा करना जरूरी हो गया है।

इस संवैधानिक संस्था ने अपनी साख दशकों की तपस्या से अर्जित की है। केवल यही उद्देश्य कि कोई देशवासी चुनाव के महायज्ञ में आहुति देने से छूट न जाए। पानी में तैरकर, घने जंगलों में, आतंक के साए में, नक्सलियों के डर के हालात में भी आयोग उस अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के जटिल काम में बरसों–बरस लगा रहा। साल 2017 में राजकुमार राव की एक फिल्म न्यूटन आई थी जो भारत की ऑस्कर के लिए ऑफिशियल एंट्री भी थी। बंदूकों के साए में राजकुमार राव (न्यूटन) के साथ एक टीम हेलीकॉप्टर से नक्सली प्रभावी एरिया में उतार दी जाती हैं। टीम में रघुवीर यादव के साथ पंकज त्रिपाठी जो एक पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं, न्यूटन से कहते हैं कि आप पूरा आराम करो, वोट हम करा देंगे लेकिन चुनाव आयोग का यह नुमाइंदा नहीं मानता। बंदा सख्त सुरक्षा के बीच चल देता है मतदान केंद्र की ओर। वहां एक टीचर उन्हें स्थानीय मददगार के तौर पर मिलती हैं पुलिस अफसर उन्हें भी साथ नहीं लेना चाहते क्योंकि उनका मकसद कैसे भी कर के इस जिम्मेदारी को निपटा भर देना है। उन्हें डर है कि यह स्थानीय आदिवासी लड़की उनकी मुश्किलें बढ़ा सकती है। रास्ते में जले हुए घर हैं जो पुलिस ने जलाए हैं ताकि आदिवासियों को यहां से खदेड़ा जा सके। वे कैम्पों में शरणार्थी बनाकर छोड़ दिए गए हैं जहां पुलिस उन पर अत्याचार करती है और नक्सलियों का हमला भी वे झेलते हैं। दरअसल, ये आदिवासी दोनों तरफ से मार झेल रहे हैं। देश में ही कई तरह के शरणार्थी हैं लेकिन बात केवल पाकिस्तानी, रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की होती है। बहरहाल न्यूटन तमाम गोलीबारी के बीच चुनाव कराने में कामयाब होता है। लोकतंत्र में ऐसी ही आस्था के चलते आज भारत और उसका लोकतंत्र पूरी दुनिया में सम्मान और अचरज के मिले–जुले भाव से देखा जाता है। भारत की भौगोलिक विविधता के साथ यह कतई आसान नहीं है। आज वैश्विक पटल पर भारत के नेताओं की कोई साख है तो उसकी बड़ी वजह हमारा लोकतंत्र है और लोकतंत्र को मजबूती देने वाला चुनाव आयोग। इस सदी के अंत में नियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन भले ही कांग्रेस के खास रहे थे लेकिन पद पर आने के बाद उन्होंने उसकी गरिमा और शक्ति का ऐसा प्रयोग किया कि कांग्रेस कई बार संकट में आ गई थी। अब जो झोल है वह यह है कि तीन सदस्यों वाले चुनाव आयोग में से अगर दो भी अलग राय रखते हैं तो फैसला बदल सकता है। मुख्य चुनाव आयुक्त को छोड़कर शेष दो को सरकार कभी भी बदल सकने की शक्ति रखती है। बेशक आयोग की साख पर संदेह के बादल नहीं छाने चाहिए। आखिर क्यों सरकार की मजबूत सहयोगी पार्टी को ही सामने आना पड़ा और एक संवैधानिक संस्था की जांच दूसरी से कराने की बात कहनी पड़ी? सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होनी है। 30 सितंबर बिहार में नई चुनावी सूची पूरी करने की डेडलाइन है। हो सकता है कि तब तक चुनाव आयोग नागरिकों पर मतदाता होने का प्रमाण का दबाव डालने की बजाय उन्हें शामिल करने की मूल भूमिका पर लौट आए । यह खराब होगा कि नागरिक अपना नाम शामिल करवाने और खुद के असली नागरिक होने की अर्जी लेकर दर–दर के धक्के खाएं। अभी हाल ही में घाना की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमारे लिए लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार हैं। लगता है चुनाव आयोग इस संस्कार पर सिस्टम को हावी करने पर तुला है।




बच्चों का इम्यून सिस्टम यानी प्रतिरोधक क्षमता उन्हें बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। मजबूत इम्यून सिस्टम होने पर बच्चे मौसम के बदलाव, सर्दी–जुकाम या पेट दर्द जैसी छोटी–मोटी बीमारियों से बखूबी निपट सकते हैं। बदलते मौसम, धूल–मिट्टी और बाहर का खाना बच्चों की सेहत पर बुरा असर डालते हैं। खासकर बरसात के मौसम में बच्चे बार–बार बीमार पड़ते हैं। ऐसे में जरूरी है कि उनका खान–पान और जीवनशैली ऐसी हो जो उनके इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाए रखे।

दहीः प्रोबायोटिक्स से भरपूर, यह बच्चों के पेट को स्वस्थ रखता है। दही में अच्छे बैक्टीरिया होते हैं, जो पाचन सुधारते हैं और इम्यूनिटी मजबूत करते हैं। गर्मियों में ठंडा दही, फलों के साथ स्मूदी या लस्सी रूप में देना बच्चों को बहुत भाता है।

हल्दी वाला दूधः हल्दी में करक्यूमिन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो सूजन और बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करता है। सोने से पहले एक गिलास हल्दी वाला दूध बच्चों को अच्छी नींद दिलाता है और उनसे खांसी या गले की खराश दूर करता है।

बादाम और अखरोटः विटामिन ई, हेल्दी फैट और जिंक से भरपूर, ये ड्राइ फ्रूट्स बच्चों के दिमाग और इम्यून सिस्टम दोनों के लिए फायदेमंद होते हैं। आप इन्हें पीसकर दूध में मिलाएं या हल्के भुने स्नैक के रूप में दें।

मौसमी फलः संतरा, कीवी, पपीता, अमरुद जैसे फलों में विटामिन सी की भरपूर मात्रा होती है। यह फल एंटीऑक्सीडेंट्स से भी भरे हैं, जो संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं।

सब्जियांः पालक, गाजर, शकरकंद, टमाटर जैसी रंग–बिरंगी सब्जियां विटामिन ए, आयरन और फाइबर से भरपूर होती हैं। ये बच्चों की अंदरूनी सफाई के साथ–साथ एनर्जी भी देती हैं। इन्हें पराठे, सूप या कटलेट के रूप में बनाकर खिलाएं।

अंडा और दालेंः अंडे उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन और विटामिन बी12 का स्रोत हैं। दालों में भी प्रोटीन और आयरन होता है, जो कोशिकाओं को मजबूत बनाते हैं। ये दोनों ग्रोथ और इम्यूनिटी दोनों के लिए जरूरी हैं।

शहद (1 साल से ऊपर के लिए) शहद में प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। गुनगुने पानी या दूध में मिलाकर देने से यह खांसी और गले की खराश में राहत दिलाता है। ध्यान रहे, 1 साल से छोटे बच्चों को शहद न दें।

बच्चे को रोज पूरी नींद दें।

सुबह–शाम हल्की धूप में थोड़ी देर खेलना जरूरी है विटामिन डी के लिए।

साफ–सफाई का ध्यान रखें हाथ धुलें, पत्ते व फलों को अच्छे से धोएं।

बच्चों की इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए केवल अच्छा खान–पान ही नहीं, बल्कि उनके जीवनशैली पर भी ध्यान देना जरूरी है। इन आसान उपायों को अपनाकर हम अपने बच्चों की सेहत को मजबूती और खुशबू दे सकते हैं। इससे वे रोगों से दूर रहेंगे और खूब खिलखिलाते, हंसते रहेंगे।




कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो न सिर्फ शरीर को अंदर से खोखला कर देती है, बल्कि इससे जुड़ी मौतें भी दुनियाभर में तेजी से बढ़ रही हैं। अमेरिका जैसे विकसित देश में भी यह बीमारी मौत की सबसे बड़ी वजहों में से एक बन चुकी है। नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में कुछ ऐसे राज्य हैं जहां कैंसर के मामले और उससे होने वाली मौतें बाकी जगहों की तुलना में कहीं अधिक हैं। आइए जानते हैं उन 10 राज्यों के बारे में, जहां रहने से कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।

कैंटकी कैंसर से सबसे ज्यादा मौतें

कैंटकी को अमेरिका में कैंसर से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य माना गया है। यहां की सबसे बड़ी समस्या है स्मोकिंग। रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका में कैंसर से मरने वाले लोगों में से 50ः से ज्यादा लोग कैंटकी से हैं। इसके अलावा, इस राज्य में मोटापा भी एक गंभीर समस्या है। लगभग 36ः पुरुष और 32ः महिलाएं मोटापे से पीड़ित हैं, जो कैंसर की एक प्रमुख वजह बनती है।

लोवा खेतों की उर्वर जमीन लेकिन बीमार शरीर

लोवा में फेफड़ों का कैंसर (लंग कैंसर) सबसे बड़ी वजह बन रहा है मौत की। इसके अलावा ब्रेस्ट, स्किन और प्रोस्टेट कैंसर के केस भी बड़ी संख्या में सामने आते हैं। यहां कैंसर बढ़ने के पीछे स्मोकिंग के साथ–साथ खेतों में इस्तेमाल होने वाले पेस्टिसाइड्स और केमिकल्स भी जिम्मेदार हैं, जो लोगों के लंबे समय तक संपर्क में आने से बीमारी को जन्म देते हैं।

लुसियाना कैंसर की फैक्ट्री बनता राज्य

लुसियाना में कैंसर के 40ः से ज्यादा केस रिपोर्ट किए गए हैं, जो इसे अमेरिका के सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में शामिल करता है। यहां प्रोस्टेट, लंग, ब्रेस्ट और कोलोरेक्टल कैंसर सबसे ज्यादा पाए जाते हैं। इस राज्य में कई औद्योगिक क्षेत्र हैं, जहां लोग लगातार केमिकल्स और वायु प्रदूषण के संपर्क में रहते हैं, जिससे कैंसर का खतरा तेजी से बढ़ता है।

वेस्ट वर्जीनिया हर 8वां व्यक्ति कैंसर का शिकार

वेस्ट वर्जीनिया की स्थिति भी चिंताजनक है। यहां हर आठ में से एक व्यक्ति कैंसर से जूझ चुका है। बुजुर्गों की बात करें तो 25ः से ज्यादा लोगों को किसी न किसी समय कैंसर हो चुका है। इस राज्य में हेल्थकेयर फैसिलिटीज की कमी, अधिक धूम्रपान और खराब जीवनशैली कैंसर की प्रमुख वजहें हैं।

अर्कांसस जहां कैंसर है मौत की दूसरी सबसे बड़ी वजह

अर्कांसस में कैंसर से मौत का स्तर बहुत ऊंचा है। 2017 से 2020 तक, यह राज्य कैंसर के मामलों में सबसे आगे रहा। यहां की आर्थिक स्थिति और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी लोगों को समय पर इलाज पाने से रोकती है, जिससे कैंसर और अधिक जानलेवा हो जाता है।

नेब्रास्का सबसे ज्यादा कैंसर से मौतें

नेब्रास्का में कैंसर से मरने वालों का प्रतिशत अन्य राज्यों से अधिक है। यहां फैक्ट्रियों और औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले लोग खतरनाक केमिकल्स और धुएं के संपर्क में रहते हैं, जिससे उनका कैंसर रिस्क कई गुना बढ़ जाता है।

न्यू जर्सी शहरी जीवन लेकिन बढ़ता खतरा

न्यू जर्सी में कैंसर की स्थिति भी गंभीर है। हालांकि यहां स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हैं, लेकिन प्रदूषण और आधुनिक जीवनशैली (जैसे लंबे समय तक बैठना, प्रोसेस्ड फूड, तनाव) ने कैंसर का खतरा बढ़ा दिया है। स्किन और ब्रेस्ट कैंसर के केस यहां सबसे ज्यादा हैं।

मेन सुविधाओं की कमी बनी खतरा

मेन राज्य में भी कैंसर के मामले तेजी से बढ़े हैं। इस राज्य की बड़ी समस्या है ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी। लोग समय पर जांच नहीं करा पाते और इलाज में देरी जानलेवा साबित होती है।

न्यूयॉर्क बड़े शहर की बड़ी परेशानी

न्यूयॉर्क जैसे बड़े राज्य में भी कैंसर के मामले कम नहीं हैं। यहां शहरी जीवनशैली, भीड़, वायु प्रदूषण और तनाव भरा माहौल कैंसर के रिस्क फैक्टर बन गए हैं। लंग कैंसर और स्किन कैंसर यहां तेजी से फैल रहे हैं।

मिसीसिपी गरीबी और बीमारी की दोहरी मार

मिसीसिपी में कैंसर के नए मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। यहां के लोग खराब डाइट, व्यायाम की कमी और आर्थिक तंगी के चलते नियमित मेडिकल चेकअप नहीं करा पाते। इस कारण बीमारी गंभीर स्टेज में पहुंचने पर ही पकड़ में आती है। यह रिपोर्ट साफ बताती है कि कैंसर सिर्फ आपकी आदतों से नहीं, बल्कि आपके वातावरण, आर्थिक स्थिति, और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता से भी जुड़ा हुआ है। अगर आप अमेरिका के इन 10 राज्यों में रहते हैं, तो आपको अपनी सेहत को लेकर अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। समय–समय पर मेडिकल चेकअप कराएं, हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं, और जोखिम को कम करें।




देश में मानसून की शुरुआत के साथ ही डायरिया के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। दूषित पानी और खराब सफाई व्यवस्था के कारण यह संक्रमण कई राज्यों में फैल चुका है। ओडिशा, पंजाब, कर्नाटक, हरियाणा और कोलकाता जैसे राज्यों और शहरों में इसके मामले लगातार सामने आ रहे हैं। डॉक्टर्स और हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि थोड़ी–सी सावधानी और सही खानपान से इससे बचाव संभव है।

ओडिशा में डायरिया के सबसे ज्यादा केस ओडिशा इस समय डायरिया का सबसे बड़ा हॉटस्पॉट बना हुआ है। राज्य में लगभग 500 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से गंजाम जिला सबसे ज्यादा प्रभावित है। यहां अब तक संक्रमण से दो लोगों की मौत भी हो चुकी है। इसके अलावा जाजपुर, ढेंकनाल, कटक, भद्रक सहित आठ जिलों में अलर्ट जारी किया गया है।